हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

10 डीसी कार्यालय पर गरजे किसान, मांगा मुआवजा



11 थानों का पूरा रिकॉर्ड रखेंगे मुंशी सॉफ्टवेयर ..



## शहर में आज

- नगर निगम की टीम घर-घर जाकर प्रोपर्टी आईडी प्रमाणित करवाएगी
- एमकजेके कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर सुबह 10 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे
- गंदे पानी की शिकायत को लेकर सेक्टर-1 के लोग पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1 बजे

## बिजली कट

- सुबह 8 से 10 बजे तक पटेलनगर, श्रीनगर, गांधी नगर, सर्कुलर रोड और गांधी कैंप आदि क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी

## खबर संक्षेप

### एमए-एजुकेशन सेमेस्टर का परिणाम जारी

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2024 में आयोजित एमए-एजुकेशन तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### रिक्त सीट के लिए 6 को होगी काउंसलिंग

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विभिन्न चार वर्षीय स्नातकीय (यूजी) पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 हेतु रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए दूसरी काउंसलिंग 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि मेरिट लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों को प्रवेश काउंसलिंग में शामिल होने के लिए सभी मूल प्रमाण पत्र तथा प्रॉस्पेक्ट्स में उल्लेखित दस्तावेज साथ लाने होंगे। उपलब्ध रिक्त सीटों का ब्यौरा संबंधित विभाग में प्राप्त होगा। प्रवेश काउंसलिंग के लिए संबंधित विभाग में रिपोर्टिंग समय प्रातः 9 बजे है।प्रवेश काउंसलिंग उपरांत सीट आवंटन की सूरत में चयनित अभ्यर्थी को 8 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से फीस जमा करानी होगी। फीस जमा कराने उपरांत संबंधित विभाग में फीस की रसीद जमा करानी होगी।गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत प्रारंभ किए गए चार वर्षीय स्नातकीय पाठ्यक्रमों को बहुत शानदार रिस्पांस मिला है।

### पुरानी आईटीआई से बाइक चोरी, केस दर्ज

रोहतक। पुरानी आईटीआई में मेले की पार्किंग से बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। आर्य नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। नितिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव सिंह पुरा कलां का रहने वाला हूं। मैं 4 जुलाई को पुरानी आईटीआई में बाइक पर मेला देखने गया हुआ था।

### एमएचएमसीटी में प्रवेश के लिए 10 तक आवेदन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में पीजी पाठ्यक्रमों- मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी (एमएचएमसीटी) तथा मास्टर ऑफ ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (एमटीटीएम) में सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि एमएचएमसीटी तथा एमटीटीएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

## मिशन एडमिशन: उच्चतर शिक्षा विभाग ने यूजी की पहली मेरिट लिस्ट जारी

# 105 प्रतिशत से ज्यादा पहुंची पहली मेरिट लिस्ट, 9 तक फीस जमा होगी, दूसरी लिस्ट 10 को आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उच्चतर शिक्षा विभाग ने यूजी की पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। इस बार मेरिट लिस्ट 105 प्रतिशत के पार पहुंच गई है। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में बीएससी स्पोर्ट्स साइंस में कट ऑफ 105.8 रही।

वहीं वैश्य कॉलेज में बीए कोर्स का मेरिट प्रतिशत 105.4 पहुंचा। इसके अलावा आईसी कॉलेज में बीए ऑनर्स इंग्लिश की कट ऑफ 98 प्रतिशत, नेकीराम कॉलेज की मेजर ज्योग्राफी 100.2 और मेजर पोलिटिकल साइंस में कट ऑफ 100.8 प्रतिशत पहुंची। पहली लिस्ट जारी होने के बाद जिन विद्यार्थियों का नाम इसमें आएगा वह अब फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे।

### ऑनलाइन और ऑफ लाइन होगी फीस जमा

विद्यार्थियों के पास फीस जमा करवाने के लिए पांच दिन हैं। यानी 9 जुलाई तक विद्यार्थी फीस जमा करवाएंगे। सरकारी कॉलेज में ऑनलाइन और गैर सरकारी कॉलेज में ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों विकल्प फीस जमा करवाने के लिए उपलब्ध हैं। यहां ये भी बता दें कि जिस विद्यार्थी ने मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद फीस जमा नहीं करवाई उसे सीट अलॉट नहीं होगी।

### 3:30 बजे जारी हुई लिस्ट

विद्यार्थी सुबह से ही मेरिट लिस्ट के आने का इंतजार कर रहे थे। दोपहर करीब 3:30 पर मेरिट लिस्ट जारी हुई। इसकी सूचना जैसे ही बच्चों को लगी, सभी ने अपना नाम लिस्ट में देखना शुरू किया। वहीं इंटरनेट कैफे पर भी कट ऑफ लिस्ट में अपना नाम देखने के लिए विद्यार्थियों की भीड़ जमा हो गई। वहीं अब दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी की जाएगी। ये लिस्ट प्रोवीजनल रहेगी। अगर इसमें कुछ बदलाव हुआ तो फाइनल मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को जारी की जाएगी। इसके आधार पर विद्यार्थी 13 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करवाएंगे। बता दें कि पहली मेरिट लिस्ट फाइनल ही जारी की गई है।

### नेकीराम कॉलेज

| विषय | एआईओसी | ईडब्ल्यूएस/ एआईओसी | एचओजीसी/ एचओजीसी | ईडब्ल्यूएस | एससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी एफएफ | डीए | ईएसएम/ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 96.4 | 88 | 89.6 | 82.2 | 76.6 | 72.2 | 50.4 | 57.4 | --- | 74 |
| मेजर इकॉनोमिक्स | 98.6 | 90.6 | 90.8 | 87.4 | 78.4 | 68.8 | 78 | 68.8 | --- | --- |
| मेजर इंग्लिश | 97.8 | 91.2 | 93.4 | 88.2 | 84.4 | 81.2 | 83.6 | 78 90 | --- | |
| मेजर ज्योग्राफी | 100.2 | 95.2 | 95.2 | 94.8 | 84.4 | 87 | 84.8 | 71.4 | --- | --- |
| मेजर हिंदी | 89.8 | 80.2 | 80.6 | 74.2 | 69 | 57 | 62.6 | 67 - - | | |
| मेजर इतिहास | 97.2 | 90.6 | 90.8 | 86.8 | 84.8 | 80 | 78.4 | 68.2 | - - | |
| मेजर राजनीति विज्ञान | 100.8 | 95.8 | 96 | 95 | 90 | 87 | 89.8 | 85.6 - - | | |
| मेजर मनोविज्ञान | 97.6 | 90.8 | 92.6 | 87.8 | 85.4 | 88.2 | 86.2 | 84.25 | - - | |
| बीबीए | 97.4 | 93.6 | 94 | 91.6 | 89 | 86 | 88.6 | 85.4 | - - | |
| कॉमर्स | 98.8 | 89.8 | 91 84.8 | 67.2 | 64 | 76.4 | 51.6 | 77 89.2 | | |
| बीसीए | 98 | 91.2 | 93.4 | 90.4 | 85.6 | 81.8 | 89.4 | 86 47.2 | 88.6 | |
| जीव विज्ञान | 94 | 85 | 86.6 | 81.2 | 74.2 | 60 | 66.2 | 54.8 | --- | 74.6 |
| भौतिक विज्ञान | 91.2 | 77.4 | 78.8 | 71.2 | 55.8 | 54 | 55.4 | 67 ---- | 69.6 | |
| मेजर रसायन विज्ञान | 96.8 | 92 | 92.2 | 91 | 82.6 | 74.4 | 85 | 89.4 | 74.4 | - |
| मेजर गणित | 98.8 | 95.6 | 95.6 | 94.8 | 88 | 77.6 | 89.8 | 85.6 | - - | |
| मेजर भौतिकी | 97 | 91 | 91.2 | 90.2 | 84.6 | 57.6 | 83 | 79.2 | 74.4 | - |

### वैश्य कॉलेज

| विषय | एआईओसी | एचओजीसी | | ईडब्ल्यूएस/ | एससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 101.4 | 89.4 | 71.4 | 72 | 71.4 | 74.6 | 63.2 | |
| बीएससी फि साइंस | 94.6 | 73.4 | ---- | ---- | ---- | ---- | ---- | |
| बीएससी लासाइंस | 91.2 | 79.8 | 63 | 66 | 63 | ---- | ---- | |
| कॉमर्स | 100.2 | 66.8 | ---- | ---- | ---- | ---- | ---- | |
| बीएससी स्पोर्ट्स | 105.8 | 95.6 | 69.2 | 59.8 | 68.2 | 80.8 | 80.4 | |

### एमकेजेके कॉलेज

| विषय | एआईओसी | एचओजीसी | ईडब्ल्यूएस एआईओसी | एससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 101.4 | 89.4 | 71.4 | 72 | 71.4 | 74.6 | 63.2 |
| बीएससी फि साइंस | 94.6 | 73.4 | | | | | |
| बीएससी ला साइंस | 91.2 | 79.8 | 63 | 66 | 63 | | |
| कॉमर्स | 100.2 | 66.8 | | | | | |
| बीएससी स्पोर्ट्स | 105.8 | 95.6 | 69.2 | 59.8 | 68.2 | 80.8 | 80.4 |

### आईसी कॉलेज

| विषय | एआईओसी | ईडब्ल्यूएस/ एआईओसी | एचओजीसी | ईडब्ल्यूएस एचओजीसी | एससी एसटी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी | एफएफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 94.4 | 85 | 77.6 | 63 | 51.2 | 53.2 | 56 | 62 | 84.6 |
| बीए ऑनर्स इकॉनोमिक्स | 93.2 | 83.6 | 83.2 | 80.6 | 74.8 | 62.8 | 58 | 61 | |
| इंग्लिश ऑनर्स | 98 | 90.4 | 89 | 81.4 | 80.2 | 54.8 | 68 | 61 | |
| हिंदी ऑनर्स | 92.8 | 77 | 72 | 62.6 | 69.6 | 65.8 | 47 | --- | --- |
| मनोविज्ञान ऑनर्स | 95.2 | 89 | 85.8 | 79.4 | 82 | 68.6 | 75 | 77 | --- |
| कॉमर्स | 92.8 | 71 | 66.8 | --- | 65 | 58.4 | 66 | 61 | |
| बीएससी फिजिकल साइंस नॉन मेडिकल | 89 | 70.8 | 66 | --- | 67 | 63.6 | 70 | 59 | |
| बीएससी होम साइंस | 88.4 | 75.6 | 72 | 62.6 | 51.2 | 68.4 | 59 | --- | --- |
| बीएससी लाइफ साइंस मेडिकल | 90.4 | 82.2 | 79.4 | 73 | 68 | 58.4 | 52 | 60 | 67.2 |
| बीबीए | 96.2 | 92 | 91.2 | 88.4 | 75.6 | 73.2 | 82 | 70 | |
| बीसीए | 94.8 | 89.2 | 88.6 | 85 | 75.4 | 73.4 | 79 | 77 | |
| बीएससी मैथ ऑनर्स | 96.4 | 91.6 | 91.2 | 89.6 | 78.8 | 68.4 | 73 | 84 | |
| बीएससी फिजिकल ऑनर्स | 96 | 90 | 89 | 85.6 | 78.8 | 62.8 | 77 | 67 | |

### सैनी कॉलेज

| विषय | ईडब्ल्यूएस एआईओसी | ईडब्ल्यूएस एचओजीसी | एससी | बीसीए | बीसीबी | डीए | ईएसएम एफएफ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बीए | 92.3 | 85 | 72.4 | 50 | 52 | 52.3 | 70 |
| मेजर इंग्लिश | 91.2 | 87.3 | 81.1 | 80.3 | 81.2 | | |
| मेजर हिंदी | 86.4 | 76.4 | 63 | 60 | 62.4 | 80 | |
| मेजर इतिहास | 94.3 | 88.2 | 75 | 71.4 | 64.5 | | |
| मेजर राजनीति विज्ञान | 92.6 | 90.8 | 86 | 85.8 | 80.6 | | |
| मेजर ज्योग्राफी | 95.4 | 92.2 | 80.4 | 80 | 68.4 | | |
| कॉमर्स | 93.2 | 86.4 | 60.2 | 72.4 | 48.6 | 72 | 80.2 |
| बीसीए | 94 | 85.6 | 80.6 | 80.4 | 81 | 44.2 | 81.6 |
| मेजर रसायन विज्ञान | 90.1 | 86.3 | 78.6 | 81 | 83.4 | 70.4 | |
| मेजर गणित | 92.1 | 87.4 | 83 | 82.6 | 80.6 | | |

### गौड़ कॉलेज

| विषय | एआईओसी | एचओजीसी |
|---|---|---|
| बीए एडिड | 99.8 | 85.4 |
| बीसीए | 90 | 83.2 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 94.6 | 74.8 |
| बीकॉम | 95.8 | 73.8 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 99 | 80 |

### हिंदू कॉलेज

| विषय | एआईओसी | एचओजीसी |
|---|---|---|
| बीए | 100 | 75.6 |
| बीकॉम एडिड | 100.8 | 89.6 |
| बीकॉम एसएफएस | 100.6 | |
| बीएससी फि साइंस | 90 | 65.4 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 85.6 | 71 |
| बीबीए | 96.6 | 84.6 |
| बीसीए | 99.2 | 81.8 |
| बीजेएमसी | 93.2 | 71 |

### 16 को ओपन काउंसलिंग

ओपन काउंसलिंग 16 जुलाई को होगी। जिसमें शेष सीट पर दाखिला प्रक्रिया होगी। इसके बाद 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खुलेगा। जिन विद्यार्थियों ने अब तक दाखिला लेने के लिए आवेदन नहीं किया था वह भी अब आवेदन कर दाखिला प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। 23 जुलाई तक लेट फीस 100 रूपये के साथ दाखिले होंगे। 24 जुलाई से 30 जुलाई तक लेट फीस बढ़ जाएगी।


### एसएफआई ने छात्रों की सहायता की

पहली मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद एसएफआई ने पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के गेट पर खड़े होकर दाखिला प्रक्रिया में भाग लेने आ रहे विद्यार्थियों की सहायता की। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्यों ने विद्यार्थियों को बताया कि कॉलेज में सीट अलॉट होते ही अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ कॉलेज पहुंचे। अगर मनपसंद कॉलेज में दाखिला नहीं मिलता तो अपनी सीट को डेफर करते हुए अगली मेरिट लिस्ट में हिस्सा लें। इस मौके पर अमित, रवि, नीलम, शमीक्षा, जया, विकास मौजूद रहे।

### पहली लिस्ट जारी

पहली मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। अब विद्यार्थी 9 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित करें।
-डॉ. जयपाल शर्मा, प्राचार्य गौड़ कॉलेज





## दुकान की हालत जर्जर, छत गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिगंबर जैन मंदिर की 20 दुकानें जो जैन जती झज्जर रोड पर स्थित हैं वह दुकानें जर्जर हालात में है, इसकी सूचना सोसाईटी द्वारा समय समय पर नगर निगम को दी गई। लेकिन इसके बाद भी नगर निगम ने कोई कार्यवाही नहीं की, जिसकी वजह से गत 4 जुलाई को दुकान नं. 5 जो राजेंद्र टक्कर द्वारा संचालित है, उसकी छत गिर गई। जिससे दुकानदार को आर्थिक नुकसान हुआ। यहां 15 और दुकानें हैं, जो जर्जर हालत में हैं। इन दुकानों की तरफ नगर निगम कोई ध्यान नहीं दे रहा, अगर अब बरसात होती है तो इन सब दुकानों की छत गिर सकती है। नगर निगम इस और संज्ञान ले।

# पुलिस लाइन में तैनात सिपाही ने जेएलएन नहर में लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस लाइन में तैनात सिपाही ने जेएलएन नहर में छलांग मार दी। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, एनडीआरएफ व पुलिस की टीम ने नहर में सिपाही की तलाश में जुट गए हैं। हालांकि अभी तक पुलिस को सिपाही की बाडी नहर से नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार सिपाही की पहचान सोनीपत के गांव बुटाना निवासी 48 वर्षीय संजय के रूप में हुई। वह आठ से 10 वर्षों से रोहतक पुलिस लाइन में हवलदार के पद पर तैनात था। पिछले काफी समय से सेक्टर 35 सनसिटी में किराए के मकान में रहता था। उसके दो बच्चे भी है। परिजनों ने बताया कि पत्नी के साथ काफी अनबन रहती थी, इसी कारण आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। हवलदार ने नहर में छलांग लगाने से पहले एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें आत्महत्या का कारण पत्नी व बाहर के किसी व्यक्ति पर आरोप लगाए हैं। अभी पुलिस ने सुसाइड नोट को सार्वजनिक नहीं किया है। हवलदार की बहन सुमन व उसकी बुआ ने बताया कि पत्नी के कारण ही उसे काफी परेशानी हुई। जिसके बाद वह तनाव में भी रहता था और पहले भी आत्महत्या करने की बात कहता रहता था। किसी बाहरी व्यक्ति के कारण पूरा घर खराब हो गया और अब ऐसा कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पत्नी पर परेशान करने का आरोप



## साइबर टीम ने 33 लोगों के गुम हुए मोबाइल बरामद कर वापस लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर सैल की टीम ने 33 लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर वापस लौटाए। साइबर सैल की टीम ने गुम हुए मोबाइल फोन के मामलों की जांच करते हुए अलग-अलग स्थानों से उन व्यक्तियों को ट्रेस किया, जो उक्त गुमशुदा फोन को लावारिश हालात में मिलने के उपरांत यूज कर रहे थे। जिनके कब्जे से नियमानुसार कार्रवाई तहत पुलिस द्वारा लाखों रुपये के 33 मोबाइल फोन जब्त किए। उक्त सभी मोबाइल फोन शुक्रवार को डीएसपी रवि खुंडिया ने लोगों को वापस लौटाए। डीएसपी ने बताया कि सरकार ने गुमशुदा फोन की रिपोर्ट के लिए सीईआईआर वेब पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल की सबसे बड़ी सुविधा यह है कि शिकायतकर्ता अपने गुमशुदा मोबाइल को तुरंत ब्लॉक करवा सकते हैं ताकि उसके फोन से डेटा और निजी जानकारी सुरक्षित रह सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है तो आप स्वयं भी घर हरसमय पोर्टल पर अपनी लोगिन आईडी बनाकर मोबाईल फोन गुमशुदगी की एनसीआर दर्ज करा सकते है। इसके अलावा आमजन हरसमय पोर्टल पर अन्य सामानों की गुमशुदगी भी दर्ज करा सकते है। यदि आपका मोबाइल फोन चोरी होता है या छीना जाता है तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दे या संबंधित थानो में जाकर एफआईआर दर्ज कराए। डीएसपी ने कहा कि किसी व्यक्ति के फोन गुम होने की शिकायत मिलने पर पुलिस की तरफ से गुमशुदा फोन को ढूंढने का हर संभव प्रयास किया जाता है।

**सुनवाई** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने दिए जल्द समाधान के निर्देश

# शिविर में 123 शिकायतें, प्राथमिकता के आधार पर किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। शुक्रवार को समाधान शिविर में 123 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें समाधान के लिए मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। महेश कुमार ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी।

वहीं, संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए सौंप दी गई। समाधान शिविरों में संबंधित अधिकारी मौके पर ही शिकायत के निपटारे की प्रक्रिया को अमलीजामा पहना रहे है।



रोहतक। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ,उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा व जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल।



### मुख्य सचिव ने की समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा

समाधान शिविर के उपरांत मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा की। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि वीरवार तक जिला में समाधान शिविरों के माध्यम से 2127 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिनमें से 912 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया जारी है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, दलबीर फौगाट, सुभाष चंद्र जून, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की सचिव मेजर गायत्री अहलावत, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हरियाणा भाजपा के नए प्रभारी के स्वागत की तैयारी

**रोहतक।** आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया को हरियाणा भाजपा का प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष व मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में मुलाकात करके उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर ढाका ने कहा कि सतीश पूनिया की नियुक्ति से भाजपा को बढ़त मिलेगी।

### कार्यक्रम के ऑडिशन के लिए 15 तक आवेदन करें

**रोहतक।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए ऑडिशन नूपुर के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। यह जानकारी उपायुक्त अजया कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि केवल 15 से 35 वर्ष के हरियाणा मूल के युवा-उभरते कलाकार ही ऑडिशन में भाग ले सकते है। इस 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए ऑडिशन नूपुर के लिए इच्छुक आवेदक ई-मेल पर आवेदन पत्र भरकर भेज सकते हैं।

### जिला प्रधान की अध्यक्षता में किसान सभा में दिया धरना

# डीसी कार्यालय पर गरजे किसान, मांगा मुआवजा

**पिछले तीन साल में आपदा से बर्बाद फसलों का अभी तक नहीं मिला है मुआवजा, स्वीकृत करवाने की बजाय लटका रही सरकार**



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए लघु सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

फसल खराबे का जिले के किसानों का लंबित मुआवजे जारी करवाने की मांग को लेकर किसान सभा रोहतक ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय पर आक्रोश धरना दिया । धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान प्रीत सिंह ने की। इसके बाद उपायुक्त और मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया । जिला सचिव बलवान सिंह ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुई फसलों का पिछला तीन साल का मुआवजा बकाया है प्रशासन इन्हे वितरित करने और कुछ मुआवजा हरियाणा सरकार से स्वीकृत करवाने के कार्य को तेजी से करने की बजाय लटकाए हुए हैं।

जिसके खिलाफ किसान सभा ने उपायुक्त कार्यालय पर सुबह 10 बजे से 3 बजे तक धरना दे आक्रोश प्रकट किया। धरने पर पहुंचे नायब तहसीलदार बंसी लाल ने किसानों का ज्ञापन लिया। और सोमवार को तहसील में किसानों के मुद्दों पर मीटिंग करने का आश्वासन दिया। किसान सभा ने मांग की है अगर जल्द मुआवजा वितरित और स्वीकृत नहीं किया तो बड़ा प्रदर्शन भी किया जायेगा।

धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा महासचिव सुमित दलाल ने बताया की प्रशासन मुआवजे से संबंधित मुद्दों को हल नही कर रहा। लंबित मुआवजे जारी करवाने के लिए किसानों की आवाज को उठाना चाहिए। लेकिन प्रशासन मौन है। सरकार झूठे ढिंढोरे पीट रही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। जबकि सच्चाई में किसान सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। जिससे किसानों में आक्रोश है। किसान नेता सुमित ने कहा कि किसान अपने मुद्दों के समाधान न होने तक चुप नही बैठेंगे। एमएसपी और बिजली कानून आदि मुद्दों पर भी आंदोलन जारी रहेगा। इस बार मुखमंत्री के रोहतक आगमन पर उनसे भी सवाल जवाब किया जायेगा। ऐसा किसान ने कहा है।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सचिव रामनिवास सैनी, रणबीर दहिया, एसएफआई जिला सचिव छात्र अमित ने धरने को अपना समर्थन दिया। किसान सभा कमेटी सदस्य हरकिशन माड़ौधी, राय सिंह नेहरा,अशोक राठी, उमेद रिठाल ,जोगेंद्र बनियानी, चांद नरवाल, रोहताश नरवाल, कर्ण सिंह,जगबीर पाकस्मा, राजकुमार हुडा,राजेश हुडा, राजेंद्र नौनंद, नरेंद्र मलिक, धर्मपाल मदीना,बलबीर बहु अकबरपुर,सतबीर दांगी, जगबीर पूर्व सरपंच ताज़ा माजरा, महाबीर, कृष्ण हुड्डा, सतनारायण हुडा,सुरेंद्र नरवाल, जयप्रकाश किलोई,उमेद खरेंटी, रोहतास पाकस्मा ,सत्यवान हुडा,भगत सिंह , शमशेर गिल , ओमप्रकाश कादयान,बिजेंद्र बलियाना,अनूप किलोई,बलवान किलोई, जोरा ,ईश्वर रिठाल,रामकिशन रिठाल धरने में शामिल रहे।

#### ये हैं प्रमुख मांग

- रबी 2022 और खरीफ 2022 का बकाया मुआवजा जल्द से जल्द किसानों के खातों में जमा हो
- रबी 2023 का ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का 20 से ज्यादा गावों का मुआवजा मिले
- रबी 2022 का सैमाण (महम) का खाली दिखाई गई कृषि भूमि का मुआवजा स्वीकृत करवाया जाएं
- रबी 2023 का आगजनी के मुआवजे के केस अभी तक जिला राजस्व के पास नही पहुंचे उन्हें मंगवाकर जल्द मुआवजा देना ,साथ ही रबी 2024 के आगजनी के भी मुआवजा जल्द देना सुनिश्चित किया जाएं
- रबी 2024 के बीमा क्लेम जल्द मिलें
- रबी 2024 में साइबर ठगी से प्रभावित किसानों का मुआवजा दिया जाए
- रबी 2024 का ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का क्षतिपूर्ति पोर्टल का जिन किसानों का मुआवजा बकाया है, वो भी किसानों के खातों में तुरंत जमा हो
- खेतों की 8 घंटे की बिजली में कट ना लगाए जाएं
- भाली शुगर मिल में किसानों की गन्ने की सिक्योरिटी राशि बकाया है, वह भी किसानों को मिले



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी रोहतक में दाखिला के लिए काउंसलिंग करता स्टाफ।

## बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी व बीएससी ऑप्टोमेट्री डिग्री कोर्स शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न नए डिग्री कोर्स आरम्भ किए जा रहे है। जिसमें बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी और बीएससी ऑप्टोमेट्री को शामिल किया गया है। दोनों कोर्स चार साल की अवधि के है। यूनिवर्सिटी कुलपति प्रोफेसर (डॉ) एचएल वर्मा ने बताया कि मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी डिग्री कोर्स (एमएलटी) व बीएससी ऑप्टोमेट्री विशेषकर उन छात्रों के लिए उपयुक्त होता है जो मेडिकल क्षेत्र में काम करने में रुचि रखते हैं। यह कोर्स छात्रों को विभिन्न चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करता है। बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी कोर्स व बीएससी ऑप्टोमेट्री छात्रों को व्यापक विकास और पेशेवर संभावनाओं के लिए तैयार करने में मदद करता है। फिजियोथैरेपी डीन प्रोफेसर (डॉ)विनय जगाने ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश पर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी डिग्री कोर्स यूनिवर्सिटी में शुरू किया गया है जिसके दाखिले किए जा रहे हैं। इस कोर्स के प्रति बच्चों का खास रुझान है। उन्होंने बताया कि छात्रों को लैबोरेटरी में विभिन्न परीक्षणों और विश्लेषणों की विशेषज्ञता प्राप्त कराता है जो डॉक्टरों को बीमारियों के निदान में सहायक होती हैं। इसके साथ ही, इस कोर्स के पूरा होने पर छात्रों को विभिन्न स्थानों पर रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध होते हैं, जैसे मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी, फार्मास्यूटिकल लेबोरेटरी, रिसर्च और डेवलपमेंट, सेल्फ-एंप्लॉयमेंट आदि। नेत्र चिकित्सक डॉ रविन्द्र रोज ने बताया कि छात्रों को नेत्र प्रबंधन के लिए तैयार करने के लिए तैयार किया गया है।

### सत्ता खिसकती देख सरकार को आई सरपंचों का याद



रोहतक। कांग्रेस नेता संदीप हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद हरियाणा में भी सत्ता खिसकते देख भाजपा को सरपंचों की याद आई है, लेकिन सरपंच सरकार द्वारा उनके साथ की गई धक्केशाही को भूले नहीं हैं। सरपंच और ग्रामीण क्षेत्र के लोग सरकार की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंसने वाले नहीं है। आगामी विधानसभा चुनावों में सरपंच बदला लेने के लिए तैयार बैठे हैं। संदीप हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने अपने अब तक के शासनकाल में सरपंचों के अधिकार छीनने का काम किया है। भाजप ने पहले दो साल तक पंचायतों के चुनाव न करवाकर गांवों में विकास कार्यों को रोके रखा और जब जनता के दबाव में चुनाव करवाए तो उसके बाद सरपंचों के हाथ बांध दिए गए।



**काली घटा आई, छाई और बिना बरसे लौट गई**

## सीआईए-1 की टीम ने दो युवकों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

धीगंडा कम्यूनिटी सेंटर के पास से सीआईए-1 की टीम ने दो युवकों को शक के अधार पर काबू किया। युवकों के पास से तीन देसी पिस्तौल व 12 रौंद बरामद हुए है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि चार युवक कोर्ट परिसर के बाहर पार्किंग में क्रेटा गाड़ी में किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े है। टीम ने तुरंत कार्रवाई की। लेकिन इस दौरान चारों युवक मौके पर नहीं मिले। जांच के दौरान आस-पास से लगे सीसीटीवी कैमरों में युवक घूमते हुए कैद हो गए। सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने छापेमारी करते हुए धीगंडा कम्यूनिटी सेंटर के पास से दो युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। युवकों की पहचान सागर निवासी निजामपुर माजरा जिला सोनीपत व कपिल उर्फ सुंडा निवासी बालंद के रुप में हुई। युवक की जेब से क्रेटा गाड़ी की चाबी बरामद हुई। पूछताछ करने पर सामने आया कि आरोपी क्रेटा गाड़ी को कोर्ट परिसर के बाहर खड़े कर अपने अन्य साथी को चाबी देने के लिए वहां से चला गया था। जिसको आरोपी तलाश कर रहे थे। आरोपियों से गाड़ी की चाबी बरामद कर गाड़ी की तलाशी ली गई। गाड़ी की ड्राइवर, कंडक्टर साइड पर रखें फूट मैट के नीचे से एक-एक देसी पिस्तौल व पिछली सीट के कवर से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। तीनों पिस्तौल से चार-चार रौंद बरामद हुए।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।



**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए नारेबाजी करते हरियाणा गर्व पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी।

### हरियाणा गर्व पीडब्ल्यूडी की मांगों को लेकर हुई बैठक


**रोहतक।** हरियाणा गर्व पीडब्ल्यूडी की कैंप कार्यालय करनाल की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला चेयरमैन रामनिवास चैपड़ा ने व संचालन जिला सचिव बलजीत सिंह लडवाल ने किया। बैठक में राज्य महासचिव इंद्र ने बताया कि 7 जुलाई को राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग रोहतक निर्माण सदन में होंगी। जिसमें सैकड़ों पदाधिकारी भाग लेंगे। 28 जून को राज्य वरिष्ठ उपप्रधान धर्मराज घनघस की अध्यक्षता में पब्लिक हैल्थ एसई से मीटिंग हाल में मीटिंग हुई। जिसमें एक्सईएन, एसडीओ, जेई व सभी आफिस स्टाफ मौजूद रहा। एसई ने सभी मांगों पर सहानुभूति जातते हुए सभी मांगों को पूर्ण करने का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला प्रधान तेज सिंह रंगा, उप प्रधान राजेंद्र बत्तरा, आडिटर शमशेर खनगवाल, ब्रांच प्रधान फूल सिंह बोध, विनय रोहिल्ला, आजाद सिंह, जन स्वास्थ्य शाखा महम के प्रधान जयभगवान अहलावत, सचिव बिजेन्द्र सिंह, सचिव नीरज कुमार, विकास फरमाणा, रणजीत, बीरबल रंगा आदि मौजूद रहे।

### श्री बालाजी मेहंदीपुर धाम पहुंचेगी सातवीं डाक ध्वजा पैदल यात्रा

**रोहतक।** हनुमान मंदिर खरावड़ से सातवीं डाक ध्वजा पैदल यात्रा 28 जुलाई से श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योत के साथ, यात्रा श्रीबालाजी मेहंदीपुर धाम पहुंचेगी। इस यात्रा में खरावड़ मंदिर में पुजारी जगबीर उर्फ जग्गू व डोब बाला मंदिर के प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल का सानिध्य रहेगा। इस डाक ध्वजा में करीब 30 से 35 भगत शामिल होंगे। डाक यात्रा की ज्योत प्रज्वलित खरावड़ हनुमान मंदिर से कर विधि विधान से पूजा अर्चना करके पूजा अर्चना के बाद पताकाएं लिए भक्तजन बालाजी के जयकारे लगाते हुए यात्रा को शुरू करेंगे। यह शोभायात्रा शिवाजी कॉलोनी से चल कर शांत मई चौक, डी पार्क, मेडिकल मोड, पावर हाउस, दिल्ली बाईपास होते हुए खरावड़ मंदिर पहुंचेगी। इस मौके पर राजेश कुमार, संजय पांचाल, डॉ. अमित मित्तल, मनोज वशिष्ठ, दीपक गोस्वामी, काला मिस्त्री, प्रधान मनजीत, कुलदीप व सोनू मौजूद रहेंगे।

## मॉडल स्कूल के छात्र ने इंटरनेशनल ओपन चेस प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र गौरव सैनी ने ओपन एफसीए इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। यह जानकारी प्रधानाचार्या डॉक्टर अरुणा तनेजा ने दी। उन्होंने बताया कि 1500-1600 की रेटिंग के बीच की कैटेगरी में गौरव सैनी के पहला स्थान प्राप्त करने पर गौरव को एक ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ 10 हजार का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता डीपीएसजी स्कूल, फरीदाबाद में हाल ही में आयोजित की गई थी। प्रधानाचार्या तनेजा ने बताया कि स्कूल में विभिन्न खेलों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए भरसक प्रयास किया जाता है। जिसका परिणाम यह है कि समय-समय पर जिला स्तर, प्रदेश स्तर व जोनल स्तर पर विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अजय कुमार, उपाध्यक्ष रामावतार गुप्ता व सचिव राजेश सहगल ने विजेता विद्यार्थी को बधाई दी।

## चित्रांशी ने शूटिंग में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट विद्यालय की छात्रा चित्रांशी शर्मा ने 23वें प्री यूपी स्टेंट शूटिंग कंपटीशन में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं एंबीशन की छात्रा चित्रांशी ने 25 मीटर एयर पिस्टल जूनियर वूमेन इंडिविजुअल कंपटीशन में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। रतियोगिता डॉ करनी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में 22 से 25 जून तक हुई। चित्रांशी के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। चित्रांशी शर्मा का लक्ष्य भारतीय टीम में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना है। प्रधानाचार्या डॉक्टर ममता मलिक ने कहा कि चित्रांशी की इस सफलता पर हमें गर्व है।



खिलाड़ी देश का भविष्य है। निरंतर खेल के प्रति अभ्यास एक दिन अवश्य उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने चित्रांशी को सफलता की बुलंदियों तक जाने का आशीर्वाद दिया व उनके अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक, संदीप राठी, कृष्णा, सुमित बत्रा, रुचि, हर्ष मदान आदि उपस्थित रहे।

### घर-घर जा रहे नगर निगम के कर्मचारी



**रोहतक।** प्रोपर्टी आईडी ठीक करते कर्मचारी।

**रोहतक।** अपनी प्रोपर्टी को स्वः प्रमाणित करने के लिए लोग आगे आ रहे हैं। नगर निगम के कर्मचारी घर-घर पहुचं रहे हैं, काम तेजी से किया जा रहा है। शुक्रवार को 2245 सम्पत्तियो की सूचना हुई स्वतः प्रमाणित हुई। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अंकिता वर्मा ने बताया कि सभी सम्बन्धित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाना जरूरी है, क्योंकि ऐसा करने से कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति आपकी प्रोपर्टी आईडी पर अपना आवेदन नहीं कर सकता और न ही प्रोपर्टी आईडी के सम्बंध में सूचना प्राप्त कर सकता है। खुद प्रमाणित करके भविष्य में सम्पत्ति के मालिकाना हक सम्बन्धित समस्याओं से बचा जा सकता है। सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाते हैं तो 2024-25 की अवधि के दौरान उसके प्रोपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी।

### भैंसरु खुर्द की बस्ती एरिया में करीब 650 मीटर लंबा मार्ग काफी समय से खस्ता

# तीन गांव के लोगों के लिए मुसीबत बना समचाना मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

गांव भैंसरु खुर्द से समचाना मार्ग पर करीब 15 हजार लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। ठेकेदार व प्रशासन की लापरवाही से ग्रामीण पिछले कई महीने से परेशान है। इस लापरवाही को लेकर लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। बता दें कि गांव भैंसरु खुर्द की बस्ती एरिया में करीब 650 मीटर लंबा मार्ग काफी समय से खस्ता हालत में है। भैंसरु के अलावा समचाना और मोरखेड़ी के सैकड़ों लोगों का प्रति दिन इसी मार्ग से आवागमन होता है। खस्ता मार्ग की वजह से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत के प्रयास से सरकार ने इस मार्ग के निर्माण की मंजूरी दे दी। करीब 70 लाख रुपये निर्माण के लिए मंजूर भी कर दिए गए। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मार्ग के निर्माण का एक एजेंसी को ठेका दे दिया। इसे पूरा करने के लिए दो महीने का समय दिया गया था। लेकिन 5 महीने पूरे होने के बाद भी रास्ता तैयार नहीं हुआ है। वहीं, बारिश की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### दो महीने का था समय

रास्ते को पूरा करने के लिए दो महीने का समय रखा गया था। आज करीब साढ़े चार महीने पूरे हो चुके हैं। धीमी गति से चल रहे कार्य की वजह से तीनों गांवों के लोगों को परेशानी हो रही है।
**-पुनीत कुमार, सरपंच**

#### जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश

निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द कार्य पूरा करें। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया है कि 15 जुलाई तक लगभग मार्ग का निर्माण पूरा कर दिया जाएगा।
**-प्रदीप राणा, जेई, पीडब्ल्यूडी विभाग**

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी

**रोहतक।** 2 हरियाणा कन्या वाहिनी कर्नल अमित मैथ्यू के नेतृत्व में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रेडक्रॉस के प्रवक्ता कर्म सिंह ने व्याख्यान दिया। उन्होंने सीपीआर, फ्रैक्चर, ब्लीडिंग, बेहोशी आदि में दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। इसके साथ ही युद्ध कौशल कला फायरिंग आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया।

### मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के कार्याल्याधीक्षक सत्यवान आर्य ने बताया कि मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 7 को सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानन्दमठ में होगा, जिसके मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान आचार्य वेदमित्र होंगे तथा आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा के भजनोपदेशक सत्यपाल मधुर, बहन दया आर्या, विनोद आर्य, सत्यनारायण आर्य आदि भजन प्रस्तुत करेंगे।

# 1.70 करोड़ रुपये में सभी 15 वार्डों की गलियां होंगी चकाचक

## महम की मुख्य सड़क के बीच डिवाइडर पर लगेंगी ग्रील, जल्द शुरू होगा काम

■ शहर के तीन श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार पर भी एक करोड़ खर्च किए जाएंगे।

राज कुमार नरवाल ▶▶ महम




महम नगर पालिका द्वारा कस्बे के सभी 15 वार्डों में एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में दो या तीन गलियां बनाई जाएंगी। शहर के बीचों बीच गुजरने वाली दिल्ली हिसार सड़क के बीच में डिवाइडर पर 80 लाख रुपए की लागत से लोहे की ग्रील लगाई जाएंगी। शहर के तीन श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार पर भी एक करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पंजाबी समाज के दो श्मशान घाटों में लकड़ी आदि रखने के लिए हॉल का निर्माण किया जाएगा। नया बस स्टैंड के पास स्थित श्मशान घाट में की चारदीवारी भी बनाई जाएगी। सैमाण रोड पर स्थित खटीक समाज के श्मशान घाट में भी एक कमरे के निर्माण किया जाएगा।

स्वतंत्रता सेनानी ऐंसीलाल पार्क में मिट्टी डालकर उसका लेवल ऊंचा उठाया जाएगा। पार्क में टॉयलेट, लाइटें, झूले, जिम, चारदीवारी की मरम्मत, चिल्ड्रन प्लेइंग एरिया का सुधार आदि के कार्य किए जाएंगे। कोर्ट कॉम्पेक्स के पास स्थित रहजवाहे से लेकर शहर के बीचों बीच होते हुए बाइपास साइड तक डेढ़ किलोमीटर लंबाई में लोहे की ग्रील लगने के बाद शहर की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे। नगर पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि सड़क के डिवाइडर पर ग्रील लगाने का काम इसी महीने शुरू हो जाएगा। इसी माह में ही वार्डों में गलियां बननी शुरू हो जाएंगी और श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार का कार्य भी साथ साथ शुरू हो जाएगा। स्वतंत्रता सेनानी ऐंसीलाल पार्क के निर्माण कार्यों का टेंडर 8 जुलाई को खुलेगा।

### नई कॉलोनियों में बनाई जाएंगी गलियां

कस्बे में अन्य कई विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिस तरह से सरकार और विभाग की तैयारियां चल रही हैं। अगले दो तीन महीने तक शहर में काफी विकास कार्य करवाए जाएंगे। जिससे शहर के लोगों को काफी फायदा होगा। नगर पालिका अभियंता अशोक हुड्डा ने बताया कि शहर में नई कॉलोनिया अप्रुव्ड हुई थी। उनमें भी गलियां व नालियां बनाई जाएंगी। जिन पर 1 करोड़ 80 रुपए खर्च होने हैं। ये कार्य अभी पाइप लाइन में हैं। चौबीसी चबूतरा के पास एक्सटेंशन 3 और भराण रोड पर आर्य नगर एक्सटेंशन में गलियां और नालियां बनाई जानी हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी बद्रीप्रसाद काला सामुदायिक केंद्र में बनेगा सिटिजन फेसिलिटेशन सेंटर

साढ़े चार करोड़ के उपरोक्त विकास कार्यों के अलावा शहर के स्वतंत्रता सेनानी बद्रीप्रसाद काला सामुदायिक केंद्र में सिटिजन फेसिलिटेशन सेंटर (सीएफसी) बनाया जाएगा। इस सेंटर की बिल्डिंग के निर्माण कार्य पर करीब 19 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। सेंटर में नागरिकों के बैठने के लिए अलग से एरिया बनाया जाएगा। यहां पर शौचालय बनाए जाएंगे और वाटर कूलर भी रखा जाएगा। इस सेंटर में स्थानीय नागरिकों की सेवा के लिए अटल सेवा केंद्र बनाया जाएगा। यहां पर सरकार की ऑन लाइन सेवाओं के लिए आवेदन की सुविधा होगी।

# फरसे व कुल्हाड़ी से हमले के मामले में छठा आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



■ आरोपी मंजीत उर्फ मन्नी निवासी राजेंद्रा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया

पुलिस ने झज्जर रोड पर ऑटो में सवार सुनारिया निवासी परिवार पर फरसे व कुल्हाड़ी से हुए जानलेवा हमले की वारदात में छठे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके आरोपी को जेल भेजा गया है। डीएसपी विरेन्द्र ने बताया कि 1 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि कि राधिका गार्डन झज्जर रोड पर ऑटो में बैठी सवारियों पर फरसे, कुल्हाड़ियों व ईंटो से हमला किया गया है। जिन्हे उपचार के लिए पीजीआईएमएस ले जाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की गई। सुनारिया चौक निवासी रेनू की शिकायत के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 29 जून को रेनू के लड़के शुभम के साथ झगड़ा हुआ था। आपसी भाईचारें में झगड़े का फैसला हो गया। 1 जुलाई को रेनू, स्नेहा पत्नी मोनू, पिंकी पत्नी बिल्लु, कार्तिक सभी डीघल निवासी राजकुमार की ऑटो में बैठकर अपने घर की तरफ जा रहे थे। जब ऑटो राधिका गार्डन झज्जर रोड के पास पहुंचा तो अश्रित, सुनिल, ज्योती, पुनम, रविंद्र अश्रित का जीजा, विवेक, सरूती व अश्रित के चार-पांच दोस्त हाथों में फरसे, कुहाडिया लेकर आए। अश्रित व अन्य ने ऑटो रोककर सभी पर फरसे व कुल्हाडी से हमला कर दिया। अश्रित ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाडी व रविन्द्र ने फरसे से कार्तिक के हाथ पर हमला किया। जिससे कार्तिक का हाथ कट गया। ज्योति, पुनम ने रेनू व स्नेहा पर हमला किया। युवकों ने ऑटो ड्राइवर पर हमला किया। अन्य युवकों ने कार्तिकव अन्य पर जानलेवा हमला किया। भीड का इकट्ठा होते देख सभी मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 4 जुलाई को आरोपी मंजीत उर्फ मन्नी निवासी राजेंद्रा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया है।

# निर्वतमान वरिष्ठ उप महापौर ने विकास कार्य का लिया जायजा



**रोहतक** । वार्ड नंबर 4 धोबी मोहल्ला की एक गली का निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को निर्वतमान वरिष्ठ उप महापौर राजकमल सहगल ने वहां जाकर विकास कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर ही ठेकेदार को दिश निर्देश दिए और उच्च कोटी की सामग्री इस्तेमाल करने की बात कही।



### गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया

**रोहतक।** आषाढ़ अमावस्या पर शुक्रवार को अग्रवाल वैश्य समाज की बहनों के सहयोग से वैश्य व्यायामशाला व गोशाला में गायों की हरा चारा और गुड़ से सेवा की गई। बृज बाला गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल ग्रुप समय-समय पर इस पुण्य के कार्य में सहयोग करता है। कार्यक्रम में पूनम सिंगला, सुमन बंसल, मोनिका बंसल, योगेश गुप्ता, अनीता गर्ग, रीतू गुप्ता, निधि गुप्ता और मोनिका गोयल उपस्थित रहीं।

# हवन में आहुति डालकर मांगीं मंगलकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री के सानिध्य में शुक्रवार को आषाढ़ माह की अमावस्या पर श्रद्धा, भक्तिभाव और मंत्रोच्चरण से हवन का आयोजन किया गया। साध्वी मानेश्वरी देवी सहित भक्तों ने हवन में आहूति डालकर मंगल कामनाएं मांगी। पंडित अशोक शर्मा ने प्रसाद वितरित किया।

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से आषाढ़ अमावस्या का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। क्योंकि इस दिन जरूरतमंदों की मदद व जरूरत की वस्तुएं दान करने और गंगा स्नान करने से जप, तप की प्राप्ति होती है। साथ ही मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। अमावस्या की तिथि भगवान विष्णु और पितरों को समर्पित है। अमावस्या के दिन किए गए तर्पण से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है।



**रोहतक।** हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए साध्वी मानेश्वरी देवी व भक्तजन।

### हवन का विशेष महत्व

साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हिंदू धर्म में यज्ञ-हवन का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि यज्ञ करने से हमें सदैव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है और व्यक्ति के कार्यों में कोई बाधा या आपत्ति नहीं आती है। यज्ञ और हवन एक श्रेष्ठ कर्म है जो साधकों को अपने आत्मा के उन्नति और ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति की दिशा में मार्गदर्शन करता है।

# राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि में पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला में पिछले वर्ष की तरह पौधरोपण किया गया। प्राचार्या संदीप नैन ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। भारती प्राध्यापिका ने विस्तार से त्रिवेणी लगाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीपल, वटवृक्ष एवं नीम के पेड़ तीनों औषधीय गुण वाले हैं। पीपल का पेड़ दिन-रात दोनों समय आक्सीजन देता है। स्वामी नित्यानंद विद्यालय के निदेशक सुमित मलिक ने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वर्षा ऋतु में या अपने जन्म दिन आदि अवसरों पर एक पेड़ जरूर लगाकर पर्यावरण का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का इसी प्रकार दोहन करते रहे तो मानव जीवन ही खतरे में पड़ जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के इको क्लब के इंचार्ज डॉक्टर सत्यदेव, प्राध्यापक संतकवर, सत्यवान, रेखा, सुनीता, शालिनी, पावेल आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में पूर्व अध्यक्षों की फोटो लगाने पर जिला अध्यक्ष को सम्मानित किया



**रोहतक।** भाजपा जिला कार्यालय मे पूर्व जिला अध्यक्षों का फोटो लगाने करने पर जिला पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका को सम्मानित किया। जिला सचिव और कार्यालय इंचार्ज अमित बंसल ने बताया कि उनके पिता सुरेंद्र बंसल अध्यक्ष रहे हैं। जिला कार्यालय में फोटो लगाकर उन्हें सम्मान दिया गया है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा, वजीर खोखर, संजय बल्हारा, धर्मेंद्र सैनी, रोशन मायना, अजय शर्मा और कप्तान जसीया उपस्थित रहे।

### गांव सांघी में महिला पर फॉयरिंग के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सांघी में महिला पर फॉयरिंग करने की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सुभाष की पत्नी मीनू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 21 अप्रैल 2023 को रात 11 बजे मीनू को गली में कार रुकने की आवाज सुनाई दी। मीनू ने बाहर आकद देखा खड़ी हुई कार के पास 3-4 युवक दिखाए दिए। युवकों ने एकदम से मीनू पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जांच के दौरान 4 जुलाई को आरोपी कृष्ण, आकाश उर्फ गोलू व सागर निवासी गांव सांघी को गिरफ्तार किया गया है।

# थानों का पूरा रिकॉर्ड रखेंगे मुंशी सॉफ्टवेयर रोज अपडेट करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

थानों में तैनात मुंशी को कई जिम्मेदारी दी गई हैं। मुंशी थाने का पूरा रिकार्ड दुरुस्त रखेंगे। प्रतिदिन व नियमित समय पर रिकॉर्ड को अपडेट करें। थाने के सभी रजिस्ट्रों के रख-रखाव की जिम्मेदारी मुंशी की है। इसके अलावा मुंशी सीसीटीएनएस व अन्य सॉफ्टवेयर में भी प्रतिदिन अपडेट करेंगे। अभियोगों में होने वाली प्रगति को लेकर अनुसंधान अधिकारी सीसीटीएनएस में अपडेट करेंगे। एसपी हिमांशु गर्ग ने इस संबंध में मीटिंग ली और निर्देश भी दिए। पुलिस कार्यलाय में थानों के निरीक्षण को लेकर तैयारी की गई। एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि थानों के रिकॉर्ड को लेकर सभी अनुसंधान अधिकारियों व थाने में तैनात कम्प्यूटर ओपरेटरों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।



**रोहतक।** थाना प्रभारियों व उप पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेते एसपी।

### थाना प्रभारी चेक करेंगे

एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि थाना प्रभारी की ड्यूटी होगी कि थाने का रिकॉर्ड अपडेट है या नहीं उसको समय-2 पर चेक करें। प्रभारी व मुंशी थाना में साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे। शिकायतों का नियमानुसार निपटारा करें और शिकायतकर्ता को रसीद भी दें।

**औचक निरीक्षण होगा:** एसपी हिमांशु गर्ग ने बताया कि समय-2 पर औचक निरीक्षण भी किया जाता है। निरीक्षण के दौरान राजपत्रित अधिकारी थाना के रिकॉर्ड का बारिकी से अध्ययन करें। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया, उप पुलिस अधीक्षक शहर विरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रजनीश, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक सांपला विधानंद, सभी थानों के मुंशी, राजपत्रित अधिकारियों के प्रवाचक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एमडीयू ने एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

■ कुलपति ने नोडल ऑफिसर्स व एंटी रैगिंग काउंसलर्स को भी मनोनीत किया है

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रावधानों के अनुसार एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही एंटी रैगिंग हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर व ईमेल आईडी को भी जारी कर दिया गया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एंटी-रैगिंग कमेटी का गठन किया है। प्रो. तनेजा ने बताया कि एंटी-रैगिंग कमेटी में डीन, एकेडमिक एफेयर्स, प्रॉक्टर, डीन, कालेज डेवलपमेंट एंड काउंसिल, डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर, चीफ वार्डन बॉयज, चीफ वार्डन गर्ल्स, कंट्रोलर सिक्युरिटी, डायरेक्टर, पब्लिक रिलेशंज, प्रेजीडेंट मडूटा, प्रेजीडेंट एमडीयू एनटीईए, डायरेक्टर, वूमैन स्टडीज सेंटर, डीसी नॉमिनी, एसपी नॉमिनी, दो पेरेंट्स रिप्रेंजेटिव्स, एक एनजीओ रिप्रेंजेटिव, तथा दो लोकल मीडिया रिप्रेंजेटिव्स, चार स्टूडेंट रिप्रेंजेटिव्स शामिल हैं। कुलसचिव प्रो. तनेजा ने बताया कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एंटी-रैगिंग के साथ-साथ एंटी रैगिंग स्क्वॉड तथा मॉनिटरिंग सेल का भी गठन किया है। इसके अलावा कुलपति ने नोडल ऑफिसर्स व एंटी रैगिंग काउंसलर्स को भी मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि एंटी रैगिंग हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर- 1800-180-5522 रहेगा तथा ईमेल आईडी- helpline@antiragging.net रहेगी। एंटी रैगिंग कमेटी, स्कवॉड, मॉनिटरिंग सेल, नोडल ऑफिसर्स तथा काउंसलर्स सदस्यों से संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किए गए है।

### 3 लाख रुपये तक ऋण की व्यवस्था

# महिलाओं को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर मिलेगा ई-रिक्शा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है। यह ऋण ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा आदि गतिविधियों के लिए प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा ऐसी महिलाओं को मुफ्त प्रशिक्षण-ड्राइविंग लाइसेंस व ब्याज पर छूट देते हुए आसान किश्तों पर ऋण दिया जाएगा। उपायुकत ने बताया कि इस योजना का क्रियान्वयन हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के तहत जिला में 2024-25 के तहत 30 लाभार्थियों का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के तहत 5 लाख रुपये से कम वार्षिक आय तथा हरियाणा की स्थाई निवासी महिला योजना के लिए पात्र होंगी। ऋण के लिए आवेदन के समय महिला उद्यमी की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा आवेदक पहले से लिये गए ऋण का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। तहत समय पर किश्त का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि सरकार द्वारा महिला विकास निगम के माध्यम से दी जाएगी।

### इन व्यवसायों के लिए मिल सकता ऋण

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुक पात्र महिलाएं स्थानीय जिला विकास भवन के कमरा संख्या 224-25 स्थित हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं तथा कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

### ये दस्तावेज चाहिएं

अजय कुमार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, 8वीं कक्षा की अंक तालिका, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार के फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं।

# 70 छात्रों का एचबी जांचा, 5 में कम मिला

**रोहतक।** भारत विकास परिषद युवा शाखा द्वारा जय कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में एनीमिया डिटेक्शन कैंप लगाया गया। इसमें पांचवी से 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों की जांच सिविल अस्पताल के डॉ. अश्विनी और डॉ. निशा की टीम की द्वारा की गई।

कैंप में 70 विद्यार्थियों और 35 स्टाफ का एनीमिया का टेस्ट किया गया। इनमें सिर्फ पांच बच्चों का रक्त कम पाया गया। युवा शाखा के संरक्षक अमित मित्तल और स्कूल की प्रधान अध्यापिका बिंदु गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को ब्लड टेस्ट की महत्वता को बताया। स्कूल के मैनेजर डॉ. संजीव गुप्ता ने युवा शाखा टीम के सदस्यों का आभार जताया। बच्चों को एनीमिया मुक्त भारत सहसंयोजी के हरियाणा मध्य प्रांत पूजा माहेश्वरी द्वारा रक्त बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया और एनीमिया की गोली भी दी गई। कैंप में श्रेष्ठ मलिक, रेनू खटोड़, सुमन गर्ग, पूजा माहेश्वरी, मेघना गुप्ता, एकता जैन, राहुल जैन, मनोज गर्ग, अमित मित्तल उपस्थित रहे।




### युवक के साथ मारपीट, पिता-पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ केस

**महम।** कस्बा महम के वार्ड एक में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक पिता पुत्र समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महम थाने में पुलिस को दी शिकायत में कस्बा महम के वार्ड एक निवासी सुरेंद्र पुत्र बलजीत ने बताया कि वह अविवाहित है, उसके माता पिता जीवित हैं। वे तीन भाई हैं। वह रात को साढ़े 10 बजे दूध लेने के लिए सैमाण चुंगी पर गया था। वहां मोड़ पर एक शराब का ठेका है। वहां पर मंजीत उर्फ अन्नी मेरे को देखकर गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने अपने चचेरे भाई हरदीप पुत्र राजेंद्र को फोन करके बुला लिया। साथ ही अपने सगे भाई बिजेंद्र को भी इसकी सूचना दी। वहां पर मंजीत का पिता राजू ढाका भी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर आ गया। उसने उसको गाड़ी से टक्कर मारी।







Elenta Mart
MOVIE
DHAMAKA
OFFER
06 JULY - 12 JULY 2024
On Shopping Of ₹1999 & Above
100 G DIAMOND CHIPS FREE
न्यूनतम 6% MRP से कम सभी दिन
1 FREE MOVIE TICKET
WITH A PURCHASE OF RS. 3999 OR ABOVE.
SCAN TO DOWNLOAD
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
DOWNLOAD ELENTA MART APP AND ORDER NOW
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR
OUR PRICE ₹79
B NATURAL JUICE 1LTR
BUY 1 GET 4 FREE
DOLE JUICE
BUY 1 GET 3 FREE
HAMDARD SUGAR FREE ROOHAFZA
BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE
25% OFF SELECTED VARIANTS
REAL FRUIT POWER
BEST PRICE
OUR PRICE ₹499
GOPAL JI THANDAI 1KG
HITKARY SHARBAT ALL FLAV. 700 ML
20% OFF
Vadilal
20% TO 56% OFF ON MRP
BEST PRICE
OUR PRICE ₹155
HERSHEY'S SYRUP 623 g
YU 100% COCONUT WATER
BUY 1 GET 1 FREE
AMERICAN BASIL DRINK
BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE
OUR PRICE ₹95 ₹125
RED BULL
FRESCA 1LTR
BUY 1 GET 3 FREE
GOWARDHAN GULAB JAMUN, RASGULLA 500G
BUY 1 GET 1 FREE
BEST PRICE
MRP- 580
MRP- 480
MRP- 360
PRICE ₹359 PREMIUM
20% OFF YELLOW
PRICE ₹285 ELAICHI CHAI
MARVEL TEA PREMIUM/YELLOW/ ELAICHI FLAVOUR 1KG
BEST PRICE
OUR PRICE ₹185
TATA TEA PREMIUM 500g
FORTUNE SOYA OIL 1 LTR.
₹140
OUR PRICE ₹121
PRABHAS GHEE 1 LTR
FREE!
BUY 1 GET 1 FREE
FORTUNE MUSTARD OIL 1LTR
MRP ₹170
OUR PRICE ₹135
VITA GHEE 1LTR
MRP ₹660
OUR PRICE ₹559
ANANDA GHEE 900ML + BUNDI FREE
FREE!
OUR PRICE ₹489
MAHAKOSH OIL 1LTR
₹130
OUR PRICE ₹105
ORION CHOCO PIE 10 PCS
BUY 1 GET 1 FREE
PARLE BISCUIT SELECTED VARIENTS
BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE FEAST ROZANA 5 KG
MRP ₹605
OUR PRICE ₹475
SUNDROP OATS 1KG
BUY 1 GET 1 FREE
BORGES PASTA
BUY 1 GET 3 FREE
CHUKDE POWDER MASALE
SELECTED VARIANTS
UPTO 50% OFF
VEEBA, DEL MONTE, CREMICA, TOPS TOMATO KETHUP
BUY 1 GET 1 FREE
MARS,BOUNTY, BOURNVILLE RUM & RAISIN CHOCOLATE
BUY 1 GET 1 FREE
LAHORI ZEERA 160ML * 24 BOTTLES
OUR PRICE ₹182
DIAMOND CHIPS 100G
SPECIAL OFFER
BUY 1 GET 1 FREE
PATANJALI ATTA 10KG
₹448
OUR PRICE ₹379
Fortune atta 10kg
₹445
OUR PRICE ₹355
AMUL BUTTER 500GM
MRP ₹285
OUR PRICE ₹265
MUSCLE BLAZE
40% OFF ON MRP
Everest / MDH - MASALE
20% OFF ON MRP
Cadbury
BUY 1 GET 1 FREE
PRO NATURE
20% OFF ON MRP
FREE
BUY 1 GET 3
BUY 1 GET 2
YOGA BAR MUESLI
TRESEMME, DOVE, SUNSILK HEAD & SHOULDERS 1 LTR
BUY 1 GET 1 FREE
DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML
BUY 1 GET 1 FREE
BABY HUG adv.
@499 ABOVE
40% OFF ON MRP
HIMALYA BABY RANGE
SELECTED VARIANTS
50% OFF ON MRP
mamaearth
SELECTED VARIANTS
FLAT 30% OFF
LOTUS
30% OFF ON MRP
VLCC
SELECTED VARIANTS +20% OFF ON MRP
BUY 1 GET 1 FREE
STAYFREE SANITARY PADS
MRP 190RS
MRP 350 RS
BUY 2 GET 1 FREE
हम सिर्फ बिना पॉलिश की दालें बेचते हैं।
MOONG CHILKA
OUR PRICE ₹115
MOONG DHULI 1KG
OUR PRICE ₹125
MOGRA RICE / CHAWAL
OUR PRICE ₹62
MALKA LAL DAAL 1KG
OUR PRICE ₹89
BADAM 1KG
OUR PRICE ₹720
KISMISH 1KG
OUR PRICE ₹269
WALNUTS /AKHROT 250G
OUR PRICE ₹249
GAIA PRODUCTS
SELECTED VARIANT
BUY 1 GET 1 FREE
Ariel, Tide LIQUID
BUY2 GET 1 FREE
BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid
BUY1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC LIQUID TOP/ FRONT LOAD 4Ltr
BUY2 GET 1 FREE
SANI FRESH TOILET CLEANER
BUY1 GET 1 FREE
MRP-₹205
OXYZEN DISHWASH
OUR PRICE ₹69
• MUMMY & DADDY BABY WIPES
• DIOS FACIAL WIPES
BUY 1 GET 2 FREE
UNDER GARMENTS SALE
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
LUX cozi DISCOUNT 30%
Dollar DISCOUNT 30%
DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
LIFE BOY / DETTOL HAND WASH 675ML
BUY1 GET 1 FREE
2LTR MRP ₹499
PRIL LEQUID DISH WASH
OUR PRICE ₹299
3KG MRP ₹390
SURF EXCEL EASY WASH
OUR PRICE ₹309
MRP ₹320
FENA 5KG
OUR PRICE ₹265
MRP ₹659
TIDE 5 KG
OUR PRICE ₹499
MILTON
upto 50% OFF ON MRP
Elenta Tower, Adjacent to D2M Hotel, Near New Bus Stand, Rohtak.
+91-8199999480
Rohtak Location
PLEASE BRING YOUR OWN CARRY BAG !
कृपया थैला साथ लेकर आएं।
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
OPEN 7 DAYS A WEEK | 7AM TO 10PM
. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.